https://www.mpboardonline.com

# त्रैमासिक परीक्षा – 2018
## कक्षा 12वीं
## विषय – हिन्दी विशिष्ट

पूर्णांक – 100 समय 3 घंटे

निर्देश–

1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न सर्वप्रथम हल करें।
2. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिये (1x5x5=25) अंक निर्धारित है।
3. प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।
4. प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित है। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है।
5. प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित है। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द हैं।
6. प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 के लिए 5–5 अंक निर्धारित है।
7. प्रश्न क्रमांक 28 के लिए (7+3) 10 अंक निर्धारित है।

https://www.mpboardonline.com

प्रश्न–1 उचित शब्द का चयन कर रिक्त स्थान की पूर्ति कर लिखिए– (1x5=5)

(a) "तिमिर गेह में किरण आचरण" रचना ................विधा की रचना है। (व्यंग्य / ललित निबंध)

(b) "मेरे जीवन के कुछ चित्र"..........विधा में रचित है। (आत्मकथा / संस्मरण)

(c) ........कवि को "कठिन काव्य के प्रेत" के नाम से जाना जाता है। (धनानंद / केशवदास)

(d) "यदि वह आता तो, मैं चला जाता" यह वाक्य........वाक्य है। (संकेतवाचक / भाववाचक)

(d) रोला और उल्लाला से मिलकर बनने वाला छंद..............है। (कवित्त / छप्पय)

प्रश्न 2 सही विकल्प का चयन कर लिखिये– (1x5=5)

1. डॉ0 रामकुमार वर्मा ने कुश्ती में किस पहलवान को हराया था–
   (अ) गामा (ब) दारासिंह (स) फुल्लम (द) रूस्तम
2. संसार में विघ्नहर्ता देव माने जाते हैं–
   (अ) ब्रह्मा (ब) विष्णु (स) महेश (द) गणेश
3. "अध्यक्ष महोदय" रचना की विधा है–
   (अ) कहानी (ब) आत्मकथा (स) हास्य – व्यंग्य, (द) रिपोर्ताज।
4. मध्यप्रदेश में रीवा, सतना, सीधी, शहडोल आदि जिलों की प्रमुख बोली है–
   (अ) मालवी, (ब) निमाड़ी (स) ब्रज (द) बघेली
5. जहाँ कारण के बिना भी कार्य होता है, वहाँ अलंकार है–
   (अ) विभावना (ब) विशेषोक्ति, (स) व्यतिरेक, (द) विरोधाभास

प्रश्न–3 सत्य / असत्य का चयन कर लिखिए– (1x5=5)

1. विधिवाचक वाक्य में दो या दो से अधिक उपवाक्य होते हैं।
2. "भाई बहन" के रचयिता गोपालसिंह नेपाली है
3. "गौरा" एक रेखाचित्र है।
4. "नरू मेहमान" कहानी विधा की रचना है।
5. कुंडलियाँ छंद में छः चरण होते हैं।

https://www.mpboardonline.com

प्रश्न–4 सही जोडी बताईयें– (1x5=5)

| खण्ड (अ) | | खण्ड (ब) |
|---|---|---|
| 1. प्रकृति के सुकुमार कवि | (a) | आज्ञा वाचक |
| 2. काम बंद करो | (b) | जैनेन्द्र कुमार |
| 3. आधुनिक प्रेमचंद | (c) | घनानंद |
| 4. सुजान | (d) | सुमित्रानंदन पत |
| 5 जिसकी तुलना की जाए | (e) | रत्नाकर |
| | (f) | उपमेय |
| | (g) | उपमान |

प्रश्न–5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में उत्तर दीजिए– (1x5=5)

1. मथुरा में योग सिखाने कौन गए थे?
2. गजाधर बाबू के लिए मधुर संगीत क्या था?
3. देवप्रयाग में अलकनंदा के पानी का रंग कैसा है?
4. देश की संस्कृति का संबंध किस भाषा से है?
5. सहृदय के हृदय में अस्थायी रूप से विद्यमान भाव कौन से होते हैं?

प्रश्न–6 राम–चंद्रिका के रचयिता कौन हैं? (2)

अथवा

मीराबाई कैसा वेश रखना चाहती हैं?

प्रश्न–7 कृष्ण ने दही का दोना कहाँ छिपा लिया? (2)

अथवा

"ममता की गोद" किसे कहा गया है?

प्रश्न–8 विश्वास में विष घोलने का काम किसने किया है ? (2)

अथवा

कुटीर कौन–सी नदी के किनारे बनाने की बात कही गई है?

प्रश्न–9 नाव में पानी भर जाने पर सयानों का क्या कर्तव्य हैं? (2)

अथवा

बुरे आदमी द्वारा बुराई त्याग देने का खरे व्यक्तियों पर क्या प्रभाव पड़ता है?

प्रश्न–10 जयशंकर प्रसाद की कोई दो रचनायें लिखिये? (2)

अथवा

सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला की कोई दो रचनायें लिखियें?

प्रश्न–11 भय किन–किन रूपों में सामने आता है? (2)

अथवा

गजाधर बाबू ने अपनी नौकरी में कितने वर्ष अकेले व्यतीत किए

प्रश्न–12 नन्हेमल और बाबूलाल किसके घर जाना चाहते थे? (2)

अथवा

नये मेहमान एकांकी के लेखक का नाम लिखिए?

प्रश्न–13 रेडीमेड अध्यक्ष किसे कहा जाता है? (2)

अथवा

खेत में किस चीज को ढूँढ लेना परम सुख की प्राप्ति जैसा था?

प्रश्न–14 "दूधों नहाओ" का आशीर्वाद किस प्रकार फलित हुआ? (2)

अथवा

भगवती चरण वर्मा ने गणेश शंकर जी से प्रभावित होकर किस प्रकार का स... पढ़ा और लेख लिखे?

प्रश्न–15 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिये– (2)

1. यहाँ केशुरिया दही की लस्सी मिलती है।
2. आपका मार्दर्शन।



https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com

निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग लिखिये।

1. कसौटी पर कसना,
2. चैन न पड़ना।

प्रश्न–16 रस के अंग "विभाव" की परिभाषा भेद तथा उदाहरण द्वारा समझाते हुए लिखिये?(2)

अथवा

"यमक" अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिये?

प्रश्न–17 उत्तराखंड के चारों धाम किन चार पवित्र नदियों के किनारे स्थित है? (2)

अथवा

दूध दुहने की समस्या का स्थायी समाधान किस प्रकार निकाला गया ?

प्रश्न–18 निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार लिखिये– (3)

1. अध्यक्ष सुख की नींद सोता है। (निषेधात्मक वाक्य)
2. अच्छे अध्यक्ष प्रमुख वक्ता से सहमत होते है। (संकेतवाचक वाक्य)
3. आप परेशान हो जाएँगे। (सन्देह वाचक वाक्य,

अथवा

भाषा तथा विभाषा में तीन अंतर लिखिये?

प्रश्न–19 श्रृंगार रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिये? (3)

अथवा

दुर्मिल छन्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिये?

प्रश्न 20 छायावाद की चार विशेषताएँ लिखकर उसके दो प्रमुख कवियों के नाम एक–एक रचना सहित लिखिए? (4)

अथवा

छायावाद तथा रहस्यवाद में चार अंतर लिखिये?

प्रश्न 21 हिन्दी में नाटक सम्राट किसे कहा गया है? नाटक के तत्वों के नाम लिखकर नाटक सम्राट की दो रचनाओं के नाम लिखियें। (4)

अथवा

जीवनी तथा आत्मकथा में चार अंतर लिखिये? https://www.mpboardonline.com

प्रश्न 22 आचार्य रामचंद्र शुक्ल अथवा शरद जोशी का साहित्यिक परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिये– (4)

दो रचनायें

भाषा –शैली

साहित्य में स्थान।

प्रश्न 23 गोपाल सिंह नेपाली अथवा बिहारी का साहित्यिक परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिये– (4)

. दो रचनायें,
. भावपक्ष – कलापक्ष
. साहित्य में स्थान।

प्रश्न 24 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ, प्रसंग तथा विशेष सहित व्याख्या लिखिये– (4)

"भाई एक लहर बन आया,
बहन नदी की धारा है,
संगम है, गंगा उमड़ी है,
डूबा कूल – किनारा है,
यह उन्माद बहन को
अपना भाई एक सहारा है,
यह अलमस्ती, एक बहन ही
भाई का ध्रुवतारा है।"

अथवा

देह धरे का गुन यही, देह–देह कछु देह।
बहुरि न देही पाइये, अब की देह सुदेह।।
जो जल बाढ़े नाव में, घर में बाढ़े दाम।

https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com
https://www.mpboardonline.com

दोऊ हाथ उलीचिये, यही सयानो काम।।,,

**प्रश्न 25 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ, प्रसंग तथा विशेष सहित व्याख्या लिखिये–** (4)

" भय की इस वासना का परिहार क्रमशः होता चलता है। ज्यों ज्यों वह नाना रूपों से अभ्यर होता है, त्यों–त्यों उसकी धड़क खुलती जाती है। इस प्रकार अपने ज्ञानबल, हृदयबल और शरी बल की वृद्धि के साथ वह दुःख की छाया मानो हटाता चलता है।"

अथवा

'अच्छे अध्यक्ष रेडीमेड अध्यक्ष होते हैं। वे किसी भी विषय पर बोल सकते हैं। सब विषयों पर एक अन्दाज से एक ही बात कहते हैं। उनके दिमाग की हालत उस नौ रतन चटनी की तरह हो जाती हैं, जिसमें काजू और किशमिश का स्वाद एक हो जाता है। सब में एक सा मजा आने लगता हैं।"

**प्रश्न 26 निम्नलिखित खण्ड को पढकर अधोलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिये'–** **(2+1+2=5)**

"मानव के व्यक्तित्व का निर्माण करने वाले विभिन्न तत्वों में चरित्र का सबसे अधिक महत्व है। चरित्र ऐसी शक्ति है जो मानव जीवन को सफल बनाती है। चरित्र की शक्ति ही मानव जीवन में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता उत्पन्न करती है। चरित्र मनुष्य के कार्यकलाप और आचरण के समूह का नाम है। चरित्र रूपी शक्ति, विद्या, बुद्धि और संपत्ति की शक्ति से भी महान होती है। इतिहास इस बात का गवाह है कि कई चक्रवती सम्राट् धन–पद–विद्या के स्वामी थ, किन्तु चरित्र के अभाव में वे अस्तित्वहीन हो गये। तन–मन की पवित्रता, कर्तव्य की भावना, परोपकार और समाज की सेवा भी चारित्रिक गुणों में ही आती है। मानव–जीवन की संपूर्ण सफलता, यश और गौरव अर्जित करने के लिए आवश्यक है कि अपने चरित्र को ऊँचा बनाए। व्यक्तियों का सामूहिक चरित्र राष्ट्रीय चरित्र के नाम से जाना जाता है।"

प्रश्न–

1. उपर्युक्त खण्ड का उचित शीर्षक लिखिये?
2. चरित्र रूपी शक्ति किस–किस से महान होती है?
3. उपर्युक्त खण्ड का सारांश लिखिये?

प्रश्न 27 स्थानांतरण प्रमाण–पत्र प्राप्त करने हेतु अपनी शाला के प्राचार्य को आवेदन–पत्र लिखिये? जिसमें पिताजी के अन्य स्थान पर व्यवसाय करने का उल्लेख हो? (5)

अथवा

अपने मित्र को एक पत्र लिखिये जिसमें अपने अध्ययन के विषय में जानकारी दी हो उसमें प्रावीण्य सूची में स्थान पाने के लिए आपका क्या प्रयास है बताया गया हो?

प्रश्न–28 (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में रूपरेखा बनाकर निबंध लिखिये– (7)

1. भ्रष्टाचार – समस्या और निदान।
2. राष्ट्र निर्माण में विद्यार्थियों का योगदान।
3. कम्प्यूटर के दैनिक जीवन में उपयोग।
4. पर्यावरण शुद्धता की ओर हमारे प्रयास।
5. जल संरक्षण एवं महत्व।

(ब) जिस विषय पर निबंध लिखा हो उसके अतिरिक्त किसी अन्य एक विषय की संक्षिप्त बिन्दुवार रूपरेखा लिखिये? (3)

———XXX———

https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com